## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 02.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय बजट को बताया अभूतपूर्व– कहा–गरीब कल्याण के प्रावधानों से विकसित भारत का होगा निर्माण।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम के सेरेंगसिया घाटी में शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि, कई योजनाओं का उद्घाटन और नियुक्ति पत्र का करेंगे वितरण।
3. निकाय चुनाव के लिए नामांकन के लिए तीन दिन शेष, रांची में मेयर पद के लिए रमा खलखो होंगी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार, भाजपा की आज बैठक, धनबाद से झामुमो ने नीलम मिश्रा को दिया समर्थन।
4. आज से 8 फरवरी तक आमलोगों के लिए खुला लोक भवन उद्यान, सुबह 10 बजे से तीन बजे तक कर सकेंगे भ्रमण।

और

5. और जमशेदपुर में रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में झारखंड ने ओडिशा को हराया.क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह।

*******************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के केन्द्रीय बजट को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया है उन्होंने कहा कि बजट में गरीब कल्याण के प्रावधानों से विकसित भारत का निर्माण होगा।

*******************

आम बजट 2026–27 में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में रांची के कांके स्थित केन्द्रीय मनः चिकित्सा संस्थान ,सीआईपी को अपग्रेड करने की घोषणा की है। झाखंड चैम्बर महासचिव रोहित अग्रवाल ने इसे सकरात्मक कदम बताया ।

*******************

झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा पेश हुए आम बजट की आलोचना की है। उन्होंने इस बजट को झारखंड के लिए उपेक्षित और निराशाजनक बताया है.।

*******************

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेस को संसद में पेश हुए केन्द्रीय बजट की घोषणाओं की जानकारी देंगे। इस दौरान वे आम बजट में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए रेलवे को मिले आवंटन की जानकारी देंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के सेरेंगसिया घाटी स्थित शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस दौरान श्री सोरेन कई योजनाओं की शुरुआत करेंगे और नियुक्ति पत्र का वितरण भी करेंगे।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा आज उपराजधानी दुमका में अपना 47 वां स्थापना दिवस मना रहा है।

*******************

झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक की मैट्रिक और इंटर, कला, विज्ञान और वाणिज्य की परीक्षा कल से शुरू होगी। जैक सचिव जयंत कुमार मिश्र ने बताया कि राज्यभर में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 1 हजार 9 सौ से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

*******************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में वर्तमान में सात लाख से अधिक छात्राएं नामांकित हैं। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इनमें से दो लाख से अधिक छात्राएं अनुसूचित जाति से, एक लाख 77 हजार अनुसूचित जनजाति से और दो लाख 64 हजार अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं

*******************

नगर निकाय चुनाव को लेकर नॉमिनेशन के लिए अब मात्र 3 दिन ही बचे हैं। इस बार दलीय आधार पर चुनाव नहीं हो रहा है लेकिन राजनीतिक गहमागहमी बढ़ी हुई है। रांची नगर निगम चुनाव में रमा खलखो कांग्रेस समर्थित मेयर उम्मीदवार होगी। इधर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में आज पार्टी समर्थित मेयर प्रत्याशी के नाम पर फाइनल मुहर लगेगी।

*******************

धनबाद नगर निगम के मेयर पद के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने डॉ नीलम मिश्रा को पार्टी समर्थित उम्मीदवार घोषित किया है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि पार्टी ने जिले के महानगर और ग्रामीण कमिटी के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया है।

*******************

निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच कल देर रात धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित झरिया विधायक रागिनी सिंह के आवास सिंह मेंशन में बमबाजी की घटना सामने आई है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है ।

*******************

गोड्डा जिले की नगर थाना पुलिस ने महिला चोर गिरोह की तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि इनके पास से जेवर और नकदी बरामद की गई है। उन्होंने लोगों से मेले में पॉकेटमारों से सावधान रहने की सलाह दी है

*******************

आज सुबह के कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 275 अंक बढ़कर 80 हजार 998 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 43 अंक बढ़कर 24 हजार 868 पर पहुंच गया। क्षेत्रीय स्तर पर, सेवा, तेल और गैस तथा ऊर्जा क्षेत्र में सबसे अधिक तेजी देखी गई, जबकि दूरसंचार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 54 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 40 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

लोकभवन रांची का उद्यान आज से 8 फरवरी तक आम नागरिकों के भ्रमण के लिए खुल गया है। उद्यान प्रतिदिन सुबह दस बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक खोला जाएगा।

*******************

झारखंड ने ओडिशा को चार विकेट से हरा कर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए से क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है छह फरवरी से होनेवाले क्वार्टर फाइनल में झारखंड की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी।

*******समाप्त***********